प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
19 ए विधान सभा मार्ग लखनऊ।

सेवा में,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
जनपद–मुरादाबाद, सम्भल एवं रामपुर
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक : एस0पी0एम0यू0 / किशोर स्वास्थ्य / स0प0 / 21 / 2019–20 / 3017 दिनांक : 04-07-19

विषय : मण्डल मुरादाबाद के जनपद मुरादाबाद, सम्भल एवं रामपुर में राज्य स्तरीय टीम द्वारा सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के अन्तर्गत भ्रमण में पायी गयी कमियों के सम्बन्ध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि दिनांक 17 से 21 जून 2019 के मध्य राज्य स्तरीय टीम द्वारा जनपद मुरादाबाद, सम्भल एवं रामपुर में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कार्यक्रमों का सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया गया। भ्रमण की विस्तृत रिपोर्ट, पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

अतः रिपोर्ट में उल्लिखित कमियों को तत्काल दूर कराकर अपनी आख्या उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोक्त।

भवदीय

(पंकज कुमार)
मिशन निदेशक

पत्रांक : एस0पी0एम0यू0 / किशोर स्वास्थ्य / स0प0 / 21 / 2019–20 / तद्दिनांक :

**प्रतिलिपि** : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. महानिदेशक परिवार कल्याण, प0क0 महानिदेशालय, उ0प्र0।
2. जिलाधिकारी / अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, जनपद मुरादाबाद, सम्भल एवं रामपुर, उ0प्र0।
3. समस्त महाप्रबन्धक, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, उ0प्र0।
4. अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, मुरादाबाद मण्डल, उ0प्र0।
5. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मुरादाबाद, उ0प्र0।
6. जनपदीय कार्यक्रम प्रबन्धक / डी0ई0आई0सी0 मैनेजर / अर्बन हेल्थ कोर्डिनेटर, / आर0के0एस0के0 कोऑर्डिनेटर जनपद मुरादाबाद, सम्भल एवं रामपुर, उ0प्र0।

(डॉ0 मनोज कुमार शुक्ल)
महाप्रबन्धक–किशोर स्वास्थ्य

# जनपद रामपुर, सम्भल एवं मुरादाबाद–सहयोगात्मक पर्यवेक्षण भ्रमण आख्या

डॉ0 मनोज कुमार शुक्ल महाप्रबन्धक आर0के0एस0के0/आयुष/आर0बी0एस0के0, श्री इन्द्रजीत सिंह सलाहकार आर0के0एस0के0 एवं डॉ0 हिमांशु आर्य, सलाहाकर आयुष के द्वारा मिशन निदेशक महोदय,एन0एच0एम0 उ0प्र0 के निर्देशों के क्रम में दिनांक 17 से 21 जून 2019 के मध्य मंडल मुरादाबाद के जनपद रामपुर, सम्भल एवं मुरादाबाद का भ्रमण कर एल–3, एल–2 व एल–1 स्तर की स्वास्थ्य इकाईयों, नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा सामुदायिक गतिविधियों का भ्रमण किया गया। आख्या निम्नवत् है–

| सी0एच0सी0 मिलक जनपद रामपुर | | |
|---|---|---|
| **अवलोकन बिन्दु** | **सुझाव/सुधारात्मक कार्यवाही** | **आपेक्षित कार्यवाही का स्तर** |
| आर0बी0एस0के0 मेडिकल टीम ए के सभी सदस्य अनुपस्थित थे। आर0बी0एस0के0 टीम बी द्वारा अच्छा कार्य किया जा रहा है। टीम में कोई भी महिला डा0 नहीं कम्पोजीशन निर्देशों के अनुसार नहीं है। | ए टीम के सदस्यों को उस दिन अनुपस्थित मानकर एक दिन का वेतन न दिया जाये। | मुख्य चिकित्साधिकारी रामपुर |
| शहबाद से मिलक लायी गयी प्रसूता से 108 एम्बुलेन्स द्वारा 200 रू0 लिये गये। | 108 एम्बुलेन्स के स्टाफ पर कार्यवाही एवं क्षेत्रीय अधिकारी को चेतावनी अपेक्षित है। | मुख्य चिकित्साधिकारी रामपुर |
| प्रसूताओं की बी0एच0टी0 अपूर्ण। जन्में नवजात का फुटप्रिन्ट बी0एच0टी0 पर नहीं लिये जा रहा है। | बी0एच0टी0 को पूर्ण कराया गया और आगे से पूर्ण रखने के निर्देश दिये गये। | अधीक्षक द्वारा नियमित बी0एच0टी0 का निरीक्षण। |
| यूरिन, शुगर, हीमोग्लोबिन, आदि की जांच गर्भवती की डिलिवरी के समय नहीं की जाती है। | यूरिन, शुगर, हीमोग्लोबिन, आदि की जांच सुनिश्चित कराना। | अधीक्षक द्वारा व्यवस्थाएं अपेक्षित। |
| लेबर रूम में कैलिस पैड पंक्चर थे। लेबर रूम इमरजेन्सी ट्रे में एट्रोपिन सल्फेट दिनांक अप्रैल 2019 में एक्सपायर दवा उपलब्ध थी। ऑक्सीटोसिन इनजेक्शन खुले में ही रखा पाया गया। (कोल्ड चेन मेन्टेन नहीं) | एक्सपायरी डेट की दवा हटवाई गई। अन्य व्यवस्थाओं के लिए अधीक्षक एवं स्टाफ को ओरियन्ट किया गया। | अधीक्षक द्वारा नियमित रूप से लेबर रूम का नियमित निरीक्षण अपेक्षित। |
| बायो मेडिकल वेस्ट का सेपरेशन नहीं किया जा रहा है। | समस्त को संवेदीकृत किया। | अधीक्षक से नियमित निरीक्षण अपेक्षित। |
| लेबर रूम में एसी 18 डिग्री तापमान पर चलता हुआ पाया गया। सरसों के तेल की शीशी लेबर रूम में पाई गई। | मानकानुसार तापमान रखने हेतु निर्देश। सरसों के तेल की शीशी हटवाई गई। | स्टाफ को संवेदीकृत किया। अधीक्षक द्वारा नियमित निरीक्षण अपेक्षित। |
| डाइट रजिस्टर अपूर्ण स्पष्ट नहीं कि लाभार्थी को कब /क्या डाइट दी गई है। | | प्रभारी चिकित्साधिकारी |
| विफ्स एवं ए0एफ0एच0एस0 की यू0पी0एच0एम0आई0एस0 एवं एच0एम0 आई0एस0 पोर्टल पर अपलोड रिपोर्ट में भिन्नता। | किशोर स्वास्थ्य काउन्सलर/ | अधीक्षक/ नोडल आर0के0एस0के0 |
| अन्य बिन्दु जनपद रामपुर | | |
| आर0के0एस0के0 कोआर्डिनेटर के पास ब्लाकवार वित्तीय एवं भौतिक सूचना उपलब्ध नहीं उनके द्वारा माह मई एवं भ्रमण तिथि तक सहयोगात्मक पर्यवेक्षण का प्लान एवं रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की जा सकी। | लापरवाही के लिए चेतावनी निर्गत की जानी अपेक्षित। | मुख्य चिकित्साधिकारी/ नोडल आर0के0एस0के0 |

| अर्बन पी0एच0सी0 हनुमान गढ़ी जनपद सम्भल | | |
|---|---|---|
| अवलोकन बिन्दु | सुझाव/सुधारात्मक कार्यवाही | आपेक्षित कार्यवाही का स्तर |
| सिटीजन चार्टर यथा स्थान नहीं था। शिकायत पेटिका नहीं थी। यू0एच0एन0डी0 का माईक्रोप्लान पी0एच0सी0 द्वारा नहीं बनाया गया है। एन0यू0एच0एम0 गाइडलाईन की बुकलेट पी0एच0सी0 पर उपलब्ध नहीं थी। अर्बन ए0एन0एम0 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर सम्बद्ध करके कार्य लिया जा रहा है। आर0के0एस0 रजिस्टर पूर्ण नहीं था। एवं कार्यकारी समिति की बैठक नियमित रूप से नहीं की जा रही थी। डिलीवरी का कार्य नहीं किया जा रहा है। | सिटीजन चार्टर यथा स्थान लगवाया गया। अन्य व्यवस्थाओं के लिए प्रभारी चिकित्सा अधिकारी एवं अर्बन कोऑर्डिनेटर को निर्देशित किय गया। | अर्बन कोऑर्डिनेटर/नोडल अधिकारी,एन0यू0एच0एम0 |
| बायोमेडिकल बेस्ट निस्तारण का समुचित प्रबन्ध नहीं था। कलर कोडेड बिन उपलब्ध नहीं था। | | |
| सी0एच0सी0 नरौली बनिया खेड़ा, जनपद सम्भल | | |
| ब्लाक स्तरीय विफ्स प्रशिक्षण अभी तक नहीं कराया गया है। इण्टर कालेज में आई0एफ0ए0 गोली उपलब्ध नहीं करायी गई है। एच0एम0आई0एस0 पर विफ्स की रिपोर्ट एन्ट्री नहीं कराई जा रही है। | प्रशिक्षण पूर्ण करने एवं अन्य व्यवस्थाओं हेतु अधीक्षक को निर्देशित किया गया। | चिकित्सा अधीक्षक/बी0पी0एम0/आर0बी0एस0के0टीम |
| बी0एच0टी0 पूर्ण नहीं भरी जा रही थी। डिजिटल घड़ी लेबर रूम में नहीं थी पी0एन0सी0 वार्ड में आई0ई0सी0 क्लिप्स के विडियो डिस्प्ले हेतु टी0वी0 उपलब्ध नहीं था। | अपूर्ण बी0एच0टी0 को स्टाफ द्वारा पूर्ण कराया गया, और हमेशा पूर्ण रखने के निर्देश दिये गये। | स्टाफ नर्स अधीक्षक/बी0पी0एम0 |
| जे0एस0एस0के/डाईट वाल राईटिंग नहीं की गई थी। डाइट रजिस्टर का अलग से प्रारूप तैयार किया गया है, जो कि सराहनीय है परन्तु निर्धारित प्रोटोटाइप पर तैयार नहीं किया जा रहा है। | | अधीक्षक/बी0पी0एम0 |
| डैम द्वारा सी0एच0सी0 पर भ्रमण नहीं किया जा रहा है। | | जिला कार्यक्रम प्रबन्धक |
| बी0पी0एम0/बी0सी0पी0एम0 का सहयोगात्मक भ्रमण कार्य योजना निर्धारित मानको के अनुरूप नहीं थी और न ही भ्रमण किया जा रहा है। | निर्धारित मानको पर कार्य योजना बनाकर भ्रमण किया जाए। | अधीक्षक/ जिला कार्यक्रम प्रबन्धक/डी0सी0पी0एम0 |
| बयोमेडिकल बेस्ट समुचित निस्तारण नहीं किया जा रहा है। | व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। | अधीक्षक/बी0पी0एम0 |
| ए0पी0एच0सी0 गुमथाल | | |
| परिसर में गन्दगी व्याप्त थी। खिड़कियों के शीशे इत्यादि टूटे हुए थे। आर0के0एस0 का फण्ड का उपयोग पी0एच0सी0 हेतु नहीं किया जा रहा है। | साफ–सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं के लिए आर0के0एस0 फण्ड का इस्तेमाल करने हेतु निर्देशित किया गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| एम0ओ0सी0एच0 की तैनाती रोस्टर के आधार पर की गई है। (03 दिन हेतु) | आयुष चिकित्सकों को उनकी विधा के अनुरूप औषधियां | अधीक्षक/मुख्य चिकित्सा अधिकारी |

| | | |
|---|---|---|
| एम0ओ0सी0एच0 हेतु आपूर्ति औषधियां उपलब्ध नहीं थी। | उपलब्ध कराई जाये। | |
| वी0एच0एन0डी0 सत्र ईशापुर सोनवई, जनपद सम्भल | | |
| ए0एन0एम0 के पास वी0एच0एन0डी0 का माईक्रोप्लान उपलब्ध नही था। सत्र स्थल पर ए0एन0सी0 नहीं न ही ए0एन0सी0 हेतु कोई उपयुक्त स्थान उपलब्ध। सत्र स्थल पर खून की जांच यूरिन जांच नहीं की जा रही थी। एच0आर0पी0 की लाईन लिस्टिंग नहीं की जा रही है। | बी0पी0एम0 को निर्देशित किया गया कि समस्त ए0एन0एम0 को वी0एच0एन0डी0 का माईक्राप्लान उपलब्ध कराये प्रत्येक सत्र पर ए0एन0सी0 जांच तथा एच0आर0पी0 लिस्ट तैयार करने हेतु ए0एन0एम0 को निर्देशित किया गया। | अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अधीक्षक/बी0पी0एम0/ ए0एन0एम0 |
| **आर0बी0एस0के0 टीम आंगनबाड़ी केन्द्र सलारपुर बदरौला एवं राजपुर की मढ़ैया।** | | |
| आर0बी0एस0के0 टीम के पास खिलौने जैसे चूड़ी, क्यूब, घण्टी, घुनघुने इत्यादि स्क्रीनिंग उपकरण नहीं थे। टीम के द्वारा एम0एच0टी0 रजिस्टर में बच्चों के अभिभावकों के फोन नम्बर नहीं भरे जा रहे है। रजिस्टर के अधिकांश कालम खाली पाये गये। स्क्रीनिंग स्थल पर बच्चों की संख्या पंजीकृत के सापेक्ष एक तिहाई ही थी। | टीम को समस्त स्क्रीनिंग उपकरण उपलब्ध कराना अपेक्षित।<br>टीम को रजिस्टर के सभी कालम भरने हेतु निर्देशित किया गया। बच्चों की संख्य सत्र स्थल पर बढ़ाने के लिए आई0सी0डी0एस0 एवं शिक्षा विभाग के साथ समन्वय स्थापित करने हेतु निर्देशित किया गया है। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी/आर0बी0एस0के0 नोडल/डी0ई0आई0सी0 मैनेजर/अधीक्षक |
| सलारपुर गाव में कुल 06 आंगनबाड़ी केन्द्र संचालित हैं। विफ्स रजिस्टर में किशोरियों को खिलाई गई संख्या का रिकार्ड मैच नहीं कर रहा था। आई0सी0डी0एस0 विभाग द्वारा प्रत्येक केन्द्र पर मात्र सौ–सौ गोली उपलब्ध कराई गई थी जबकि किशोरियों को 150 से अधिक गोलियां खिलाये जाने का रिकार्ड उपलब्ध था। किशोरियों हेतु आंगनबाड़ी केन्द्र पर विफ्स अनुपालन कार्ड उपलब्ध नहीं कराये गये है। विफ्स की रिपोर्ट आंगनबाड़ी केन्द्र से नहीं भेजी जा रही है। | आंगनबाड़ी कार्यकत्री को सही रिकार्ड तैयार करने एवं रिपोर्ट प्रेषण हेतु निर्देशित किया गया। पर्याप्त विफ्स अनुपालन कार्ड उपलब्ध कराना अपेक्षित | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी/बी0पी0एम0/आर0 बी0एस0के0 टीम |
| **जिला संयुक्त चिकित्सालय, सम्भल** | | |
| ए0एन0सी0 एवं पी0एन0सी0 वार्ड अलग–अलग नहीं, मौके पर केवल पांच लाभार्थी ही उपस्थित थे। 48 घण्टे तक लाभार्थियों को रोका नहीं जा रहा है। | ए0एन0सी0 एवं पी0एन0सी0 वार्ड को अलग–अलग करने तथा 48 घण्टे तक लाभार्थियों को रोकने हेतु प्रयास करने के लिए निर्देशित किया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| बी0एच0टी0 पूर्ण नहीं भरी जा रही थी। माताओं को स्तनपान से सम्बन्धित परामर्श नहीं दिया जा रहा है। वार्ड में उपस्थित दो माताओं द्वारा अपने बच्चे को जन्म के डेढ़ घण्टे बाद भी दूध नहीं | बी0एच0टी0 पूर्ण कराया गयी, आगे से ऐसा न करने के निर्देश दिये गये। शीघ्र स्तनपान को प्रेरित करने के निर्देशित किया गया। | चिकित्सा अधीक्षक द्वारा नियमित बी0एच0टी0 का निरीक्षण। स्टाफ नर्स |

| | | |
|---|---|---|
| पिलाया गया था। | | |
| वार्ड में टी0वी0/एल0ई0डी0 नहीं लगाई गई है। जिसके कारण आई0ई0सी0 से सम्बन्धित विडियों का डिस्प्ले नहीं किया जा रहा है। | व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक |
| लेबर रूम के सामने ओ0टी0 कक्ष बनाया गया है। जिसके कारण ओ0टी0 में संक्रमण की सम्भावना अधिक है। अतः ओ0टी0 को अलग स्थानान्तरित किया जाना आवश्यक है। | जोनिंग करने अथवा ओ0टी0 को अन्यत्र स्थानान्तरित किये जाने का सुझाव दिया गया। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक |
| डाइट रजिस्टर अपूर्ण है फिर भी भुगतान किया जा रहा है। | नियमित रूप से डाइट रजिस्टर को पूर्ण करने तथा उसके अनुसार भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक |
| आर0के0एस0 रजिस्टर अपूर्ण था तथा पूर्व में की गई बैठकों का कार्यवृत्त नहीं लिखा गया था परन्तु समिति के सदस्यों का हस्ताक्षर रजिस्टर में उपलब्ध थे। | | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक |
| जिला अस्पताल में वित्तीय वर्ष 2018–19 एवं भ्रमण तिथि तक केवल एक सिजेरियन किया गया था। | सिजेरियन की संख्या बढ़ाने का सुझाव दिया गया। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक |
| बायो मेडिकल बेस्ट का पृथक्कीकरण नहीं किया जा रहा है। तथा बायोमेडिकल वेस्ट कलेक्शन शेड निर्मित नहीं है। | बायो मेडिकल बेस्ट का नियमानुसार पृथक्कीकरण करने हेतु तथा प्राथमिकता के आधार पर बायोमेडिकल वेस्ट कलेक्शन शेड निर्मित करने हेतु निर्देशित किया गया। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक |
| **सी0एच0सी0 ठाकुरद्वारा, जनपद मुरादाबाद** | | |
| आर0बी0एस0के0 मेडिकल टीम ए में कोई भी महिला डा0 नहीं है। टीम का कम्पोजीशन निर्देशों के अनुसार नहीं है। | जनपद में प्रत्येक मोबाइल हेल्थ टीम में एक पुरूष एवं एक महिला चिकित्सक की नियमानुसार व्यवस्था करना अपेक्षित। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी/नोडल अधिकारी,आर0बी0एस0के0 |
| सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर तैनात यूनानी विधा की आयुष चिकित्सक हेतु यूनानी औषधियां उपलब्ध नहीं थी। | आयुष चिकित्सक को उनकी विधा के अनुरूप औषधियां उपलब्ध कराई जाये। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी |
| बायो मेडिकल वेस्ट कलेक्शन शेड का निर्माण गैराज को परिवर्तित कर किया गया है। जो मानकानुसार नहीं है और न ही उपयोग किया जा रहा है। | शेड निमार्ण की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी |
| **सी0एच0सी0 बहजोई जनपद सम्भल** | | |
| लेबर रूम मे डिजिटल वांच नहीं थी तथा आयुष की औषधि लेबर रूम में पाई गई। | आयुष की औषधि हटवाई गई। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |

| | | |
|---|---|---|
| डाइट रजिस्टर में सुबह दोपहर एवं शाम के डाईट का विवरण भरा पाया गया । जबकि लाभार्थी को सिर्फ भ्रमण दिवस के दिन सुबह की ही डाइट दी गई थी। | | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| एम0ओ0आई0सी0 द्वारा अवगत कराया गया कि अस्पताल में साफ–सफाई कराने की समस्या है। जिस वेण्डर को टेण्डर मिला है उसके द्वारा नियमित रूप से सफाई अस्पताल मे नहीं कराई जाती है। एम0ओ0आई0सी0 द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था करके साफ–सफाई कराई जा रही है। जिसके लिए उनके द्वारा स्वंय से भुगतान किया जाता है। | नियमित साफ–सफाई एवं अनुबन्ध के अनुसार फीडबैक आधारित भुगतान व्यवस्था लागू करना अपेक्षित। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी। / नोडल अधिकारी /अधीक्षक |
| बायो मेडिकल बेस्ट का पृथक्कीकरण नहीं किया जा रहा है। | बायो मेडिकल बेस्ट का नियमानुसार पृथक्कीकरण करने हेतु निर्देशित किया गया। | प्रभारी चिकित्सा अधिकारी |
| सहयोगात्मक पर्यवेक्षण चेकलिस्ट किसी भी कर्मचारी द्वारा नहीं भरी जा रही है। सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के वाहन का लागबुक नहीं भरा जा रहा है तथा पर्यवेक्षण हेतु बी0पी0एम0, वी0सी0पी0एम0 का माह अप्रैल से भ्रमण प्लान तैयार नहीं किया गया। | निर्धारित मानको पर कार्य योजना बनाकर भ्रमण किया जाए। | अधीक्षक / जिला कार्यक्रम प्रबन्धक / डी0सी0पी0एम0 |
| **डा0ई0आई0सी0 सेन्टर जिला महिला चिकित्सालय जनपद मुरादाबाद** | | |
| प्रथम तल भवन में डी0ई0आई0सी0 सेन्टर स्थापित किया गया है। आडियो मीट्री कक्ष का निर्माण नहीं है। आंशिक रूप से उपकरण उपलब्ध है। सेन्टर मानव संसाधन न होने के कारण अक्रियाशील है। | डी0ई0आई0सी0 हेतु अन्य उपकरणों का क्रय अपेक्षित। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी। / आर0बी0एस0के0 नोडल अधिकारी / डी0इ0आई0सी0 मैनेजर |
| जिला महिला चिकित्सालय में मशीनीकृत साफ–सफाई का कार्य सप्ताह मे मात्र एक बार किया जा रहा है। पर्यवेक्षण एवं भुगतान हेतु निर्धारित स्कोर शीट नहीं भरी जा रही है। | नियमित मशीनीकृत साफ–सफाई एवं अनुबन्ध के अनुसार फीडबैक आधारित भुगतान व्यवस्था लागू करना अपेक्षित। | मुख्य चिकित्सा अधिक्षिका / मुख्य चिकित्सा अधिकारी। / नोडल अधिकारी |
| **किशोर स्वास्थ्य क्लीनिक जिला चिकित्सालय, महिला एवं पुरूष जनपद मुरादाबाद** | | |
| किशोर स्वास्थ्य क्लीनिक पर फीमेल काउन्सलर 10:30 तक उपस्थित नहीं थी। मेल एवं फीमेल काउन्सलर एक ही क्लीनिक में बैठते है। मेल काउन्सलर को तीसरी मंजिल पर कमरे का आवंटन किया गया है। जहां पर केवल रिकार्डिंग, मेडिको लीगल आदि का कार्य किया जाता है। इस कारण कोई भी लाभार्थी उक्त कक्ष में काउन्सलिंग के लिए नहीं जाता है। | नियमित रूप से क्लीनिक खुलने तथा पुरूष काउनसलर के लिए भूतल पर पृथक से बैठने की व्यवस्था हेतु सुझाव दिया गया। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक / मुख्य चिकित्सा अधिकारी / नोडल अधिकारी,आर0के0एस0के0। |

| | | |
|---|---|---|
| फीमेल काउन्सलर को एम0एच0एम0 एवं मानसिक स्वास्थ्य का बैनर आउटरीच गतिविधियों के आयोजन हेतु उपलब्ध नहीं कराया गया है। मेल काउन्सलर के द्वारा आउटरीच गतिविधियों का माईक्रोप्लान तैयार नहीं किया गया था। मेल काउन्सलर के द्वारा सर्विस डिलिवरी रजिस्टर की कालम गलत भरे जा रहे है। तथा गलत रिपोर्ट प्रेषित की जा रही है। | ससमय लाजिस्टिक्स उपलब्ध कराना अपेक्षित। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/ मुख्य चिकित्सा अधिकारी/नोडल अधिकारी,आर0के0 |
| दोनों काउन्सलर्स के द्वारा माह अप्रैल एवं मई में की गई आउटरीच गतिविधियों के भुगतान हेतु अपना क्लेम प्रस्तुत नहीं किया गया है। जिसके कारण उनको भुगतान नहीं किया गया है। | ससमय क्लेम प्रस्तुत करना एवं भुगतान अपेक्षित। | मुख्य चिकित्सा अधीक्षक/ मुख्य चिकित्सा अधिकारी/नोडल अधिकारी,आर0के0/सम्बन्धित कर्मचारी |

**जनपद रामपुर फीडबैक बैठक**

नोडल अधिकारी आर0के0एस0के0, आर0सी0एच0, एन0यू0एच0एम0, डी0सी0पी0एम0, डी0ई0आई0सी0 मैनेजर एवं आर0के0एस0के0 कोआर्डिनेटर को सी0एच0सी0 मिलक से सम्बन्धित फीडबैक साझा किया गया। तथा उद्धृत कमियों को त्वरित दूर कराने हेतु सुझाव दिये गये है।

**जनपद मुरादाबाद फीडबैक बैठक**

मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका को डी0ई0आई0सी0 सेन्टर ए0एफ0एच0एस0 क्लीनिक तथा मैकेनाइज्ड क्लीनिंग से सम्बन्धित फीडबैक से अवगत कराया गया तथा कमियों को दूर कराने हेतु सुझाव दिये गये।

**जनपद सम्भल चिकित्सा अधिकारी के साथ जनपद स्तरीय समीक्षा बैठक**

राज्य स्तरीय टीम द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी सम्भल से भेंट कर फीडबैक दिया गया तथा अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अध्यक्षता में जनपदीय सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमो की मदवार, भौतिक एवं वित्तीय समीक्षा की गयी, जिसमें जनपदीय नोडल अधिकारी, जिला कम्यूनिटी प्रोसेस प्रबन्धक, जिला लेखा प्रबन्धक के साथ अरबन हेल्थ कोऑडिनेटर भी उपस्थित थे। त्वरित आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्न लिखित बिन्दुओं पर सुझाव/निर्देश दिये गये-

1. जनपद में कुल आवंटित धनराशि के सापेक्ष माह मई तक सिर्फ 6.03 प्रतिशत धनराशि व्यय की गई है जो कि बहुत कम है। व्यय को बढ़ाने हेतु एवं प्रस्तावित गतिविधियों को तत्काल पूर्ण कराने का सुझाव दिया गया।
2. समुदाय आधारित गतिविधियों- परिवार नियोजन, मातृ-मृत्यु समीक्षा, आशा भुगतान, ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति, अनटाइड फन्ड एवं प्रधान मंत्री मातृ बंदना योजना की समीक्षा की गई। उन गतिविधियों पूर्ण कराकर शीघ्र भुगतान किया जाय तथा सम्बन्धित एफ0एम0आर0 कोड में बुक कराया जाये।
3. बायो मेडिकल बेस्ट के सैपरेशन एवं निस्तारण प्रकिया को प्रभावी रूप से लागू करने का सुझाव दिया गया।
4. जिला चिकित्सालय सम्भल में आयुष विंग स्थापित करने हेतु एक कक्ष निर्धारित कर मेन स्ट्रीमिंग ऑफ आयुष के अन्तर्गत नियुक्त संविदा चिकित्सकों को दिशा निर्देशों के अनुरूप तैनात करने तथा विधानुसार आयुष औषधियों की उपब्धता सुनिश्चित करने का सुझाव दिया गया।

5. जनपदीय लेखा प्रबंधक, द्वारा ब्लाक भ्रमण नहीं किया जा रहा है। नियमित रूप से भ्रमण करने का सुझाव दिया गया।
6. जनपद के जिन इकाईयों में बायोमेट्रिक नहीं लगी, वहां पर लगाने तथा जहां की मशीने खराब है। उन्हें त्वरित रूप से सही कराने का सुझाव दिया।
7. एच0एम0आई0एस0 तथा यू0पी0 एच0एम0आई0एस0 के ऑकड़ों की नियमित समीक्षा तथा वैलिडेशन प्रत्येक स्तर पर किया जाए।
8. प्रत्येक माह ब्लाक स्तर पर अधिकारियों के साथ भौतिक एवं वित्तीय समीक्षा की जाये व आगामी माह हेतु उनके द्वारा किये जाने वाले कार्यों के बारे में निर्देशित किया जाय।
9. रोगी कल्याण समिति की शासी निकाय एवं कार्यकारी समिति की बैठकें नियमित अन्तराल पर किये जाने का सुझाव दिया गया।
10. आशा शिकायत कमेटी की बैठके नहीं की जा रही थीं। बैठकों का नियमित आयोजन कराये जाने का सुझाव दिया गया।
11. वित्तीय वर्ष 2019–20 हेतु कमिटेड धनराशि का सम्पूर्ण व्यय माह जुलाई तक सुनिश्चित करने का सुझाव दिया गया।
12. जनपद के इण्टर कालेजों में आयरन की गोलियां अभी तक नहीं भेजी गई है। गोलियां की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु सुझाव दिया गया।
13. आर0बी0एस0के0 टीमों द्वारा वाहन का लागबुक नियमित रूप से नहीं भरी जा रहा है। टीमों द्वारा लागबुक भरने हेतु निर्देशित किया गया।
14. आर0बी0एस0के0 टीम के पास बच्चों को स्क्रीनिंग करने हेतु आवश्यक उपकरण उपलब्ध नहीं थे। एवं जो उपकरण उपलब्ध हैं उनका उपयोग नहीं किया जा रहा है। उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने एवं उपयोग हेतु निर्देशित किया गया।
15. जनपद स्तरीय आर0के0एस0के0 समीक्षा बैठक नहीं की गई थी। जबकि प्रथम समीक्षा बैठक माह जून तक पूर्ण किये जाने के निर्देश राज्य स्तर से दिये गये थे।
16. एन0डी0डी0 फरवरी अभियान के तहत आशाओं को मोबिलाईजेशन हेतु आशा इन्सेन्टिव्स कुछ ब्लाकों में नहीं दिया गया था। तत्काल इनसेटिव निर्गत करने के निर्देश दिये गये थे।
17. अर्बन क्षेत्रों में विफ्स कार्यक्रम का संचालन जनपद में नही किया जा रहा है।

| इन्द्रजीत सिंह | डा0 हिमांशु आर्य | डॉ0 मनोज कुमार शुक्ल |
|---|---|---|
| सलाहकार–आर0के0एस0के0 | सलाहकार–आयुष | महाप्रबन्धक–आर0के0एस0के0 |